# तीन सौ पचास ग्राम चरस के साथ एक दबोचा

**गिरफ्तार**

देहरादून। **संवाददाता**



पकड़ा गया आरोपी।

सहसपुर पुलिस ने सभावाला पुल के पास 350 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सहसपुर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान सभावाला पुल के पास पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया। जब पुलिस पूछताछ के लिए उसके पास जाने लगी तो वह पुलिस को अपनी ओर आते देख भागने लगा। किन्तु गश्त के दौरान पुलिस की मजबूत घेराबंदी के कारण वह भागने में असफल रहा है।

पुलिस ने उसे पकड़ने के बाद जब उसके सामान की तलाशी ली तो उसके पास तीन सौ पचास ग्राम चरस के साथ एक इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद हुई। जिसपर पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले आयी। जहां पूछताछ में उसने अपना नाम ओमवीर पुत्र सोमपाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम माण्डला थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फनगर (उ0प्र0), हाल निवासी किरायेदार आकाश चाई बस्ती सहसपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# 12 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



पकड़ा गया आरोपी।

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस ने देर रात चैकिंग के दौरान 12 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के उपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात सहसपुर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को जाटोवाला के पास संदिग्ध हालत में घुमता दिखाई दिया। जोकि पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगा। किन्तु पुलिस ने घेराबंदी कर आखिर उसे दबोच लिया। जब पुलिस ने हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसपर पुलिस उसे थाने ले आयी।


# Page Three


## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# स्वामी सुंदरानंद ने गंगोत्री धाम में एक विश्व धरोहर दीः सीएम

## तपोवन कुटी गंगोत्री में तपोवन हिरण्यगर्भ कलादीर्घा, हिरण्यगर्भ मंदिर व ध्यान केन्द्र का उद्घाटन

**उद्घाटन**

**संवाददाता**

गंगोत्री/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को गंगोत्री धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने गंगोत्री धाम में मां गंगा से प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमत्री व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत ने तपोवनम् कुटी, गंगोत्री में संयुक्त रूप से स्वामी सुंदरानंद के नवनिर्मित तपोवन हिरण्यगर्भ कलादीर्घा एवं तपोवनम् हिरण्यगर्भ मंदिर और ध्यान केन्द्र का उद्घाटन किया।

हिरण्यगर्भ कलादीर्घा में स्वामी सुंदरानंद ने 1948 से अब तक गंगोत्री, हिमालय और उपला टकनौर की संस्कृति और परंपरा को तस्वीरों में कैद किया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने इस अवसर पर 81 करोड़ 19 लाख 68 हजार रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया।



तपोवन कुटी गंगोत्री में तपोवन हिरण्यगर्भ कलादीर्घा, हिरण्यगर्भ मंदिर व ध्यान केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर सीएम व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्वामी जी का संकलन आने वाली पीढ़ी के लिए विश्व धरोहर हैं। स्वामी जी की 72 वर्ष की तपस्या का संग्रह आज विश्व को समर्पित हो गया है। स्वामी जी की तस्वीरें हिमालय को करीब से देखने के लिए पूर्ण सहयोग करेंगी। साथ ही हमारे वैज्ञानिकों और हिमालयन शोधकर्ताओं के लिए यह एक संजीवनी का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी सुंदरानंद ने गंगोत्री धाम में एक विश्व धरोहर दी है, जिसका सरंक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्वामी सुंदरानंद के स्वास्थ्य का हालचाल भी जाना।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि हमें गंगा की निर्मलता और इसके प्रवाह को सरंक्षित करना है। जिसके लिए गंगा किनारे रहने वाले 45 करोड़ लोगों को भी अपना कर्तव्य समझना चाहिए। सभी देशवासी मिलकर गंगा की निर्मलता और स्वच्छता को बनाये रखेंगे, तब जाकर गंगा की सेवा पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को अक्षुण बनाएं रखने में साधु समाज का अहम योगदान रहा है। हिमालय की विशालता गंगा की पवित्रता विश्व में अद्वितीय है।

उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक लोग हिमालय व गंगा पर शोध करने आते हैं, इस कला दिर्घा के चित्रों यदि ठीक से देखा व समझा जाए तो निश्चित ही हिमालय के दर्शन एक ही स्थान पर हो सकते है। इस अवसर पर स्वामी सुंदरानंद ऑटोग्राफी पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

# नया एक्ट लागू होते ही लाइसेंस के लिए आरटीओ में लगने लगी कतारें

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में नया एमवी एक्ट लागू होते ही वे लोग भी सतर्क हो गए हैं। सालों से बिना लाइसेन्स के गाड़ी चला रहे थे परिवहन विभाग एक्ट लागू होने के बाद भी काम में तेजी नहीं ला पा रहा है। पिछले 12 दिन से उत्तराखण्ड में पॉल्यूशन जांच केन्द्रों की बात की जाए या फिर लाइसेन्स बनवाने के लिए आरटीओ ऑफिस की। लोगों के पूरे दिन लाइन में खड़े–खड़े बीत रहे हैं।

लाइसेन्स बनवाने से लेकर गाड़ी के पॉल्यूशन चेक करवाने के सर्टिफिकेट के लिए भीड़ इस कदर है कि लोगों की हिम्मत जवाब दे रही है। उमस भरे दिनों में दिन भर लाइन में खड़े लोग शिकायत कर रहे हैं कि आए दिन लाइसेन्स बनाने वाला सर्वर ठप हो जाता है। देहरादून के एआरटीओ अरविंद पांडे सर्वर ठप होने की वजह साफ करते हैं. वह कहते हैं कि एमवी एक्ट में हुए नए बदलावों को सॉफ्टवेयर में भी अपडेट किया गया है।

**एमवी एक्ट में हुए नए बदलावों को सॉफ्टवेयर में भी किया गया है अपडेट**





हालांकि सॉफ्टवेयर में अपडेट कर दिए गए हैं लेकिन काम करते–करते कुछ नई समस्याएं सामने आ जाती हैं। जिनके लिए कुछ देर के लिए सर्वर को बंद करना पड़ता है। प्रदूषण जांच सर्टिफिकेट अनिवार्य होने के बाद सभी प्रदूषण जांच केंद्रों में भारी भीड़ है और इसकी बड़ी वजह यह भी है कि प्रदेश में सिर्फ 154 पॉल्यूशन जांच केन्द्र हैं। इनमें हजारों लोग पहुंच रहे हैं लेकिन एक सेन्टर पर हर दिन 200 गाड़ियां ही चेक हो रही हैं।

यहां इतनी भीड़ इसलिए भी है क्योंकि अभी तक बिना लाइसेंस के ही बहुत से लोगों का काम चल जाता था। .एक बात तो साफ है कि लोगों के साथ विभाग की तैयारियां भी नहीं थीं और पूरा सिस्टम 'हो जाएगा, देखा जाएगा। एटीट्यूड के साथ चल रहा था। अब चूंकि सिर पर आन पड़ी है तो आपाधापी मची हुई है।

# शशांक जैन थिंक बिग बेस्ट इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। शशांक जैन को विभिन्न निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए संपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए वेल्थ फोरम द्वारा थिंक बिग बेस्ट इनोवेशन अवार्ड दिया गया। उन्होंने बेहतर समाधान दिया है जो शिक्षकों की नई आवश्यकताओं की पूर्ती करता है। एक शिक्षक पूरी उम्र निकाल देता है उसे अंत में पेंशन आदि की सुविधा भी नहीं होती उनके उसी अस्थाई भविष्य को देखते हुए शशांक जैन ने यह निवेश योजना बनाई और उसे कारगर रूप भी दिया। शशांक के मुताबिक निवेश के पारंपरिक तरीकों से परे निवेश की जरूरत अधिक समाधान पर आधारित है।

एसआईपी की शक्ति का उपयोग करते हुए उन्होंने एक नया निवेश साधन तैयार किया जो एक व्यापक बचत समाधान भी है। वह अपनी टीम के साथ पिछले 25 वर्षों से आरबीआई, सेबी व इंकम टैक्स के अनुसार, कार्यशील पूंजी और नकद अधिशेष, निवेश, भविष्य निधि ग्रेच्युटी फंड और विभिन्न संस्थानों, ट्रस्टों के सुपर नेशन फंड्स का प्रबंधन कर रहे है।

## न्यूज डायरी

### सद्भावना एंव राष्ट्रीय पोषण मिशन पर कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण अभियान के तहत नगर निगम सभागार में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा नगर निगम सभागार में सद्भावना एंव राष्ट्रीय पोषण मिशन पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विटामिन, मिनरल, कार्बोहाइड्रेट, फैट, घरेलू मोटे अनाजों का आहार में महत्व आदि की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा.कुलदीप चौधरी ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य है, सही पोषण–देश रोशन। इसी के तहत सितंबर माह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### पितृ पक्ष शुरु, गंगा घाटों पर पितृों के श्राद्ध के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**संवाददाता** ऋषिकेश। शुक्रवार से से पितृ पक्ष शुरु हो गया है, जिसमें अपने पूर्वजों और मृत आत्माओं का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। श्राद्ध में वर्तमान पीढ़ी अपने पित्रों को अपनी श्रद्धा के साथ पूजते हैं। वैदिक दर्शन के अनुसार श्राद्ध का सबसे मुख्य तत्व है श्रद्धा जो प्रेम और विश्वास और समर्पण भाव के साथ दिखाई जाती है। पितृ पक्ष की मान्यता है कि गंगा तट में किए गए श्राद्ध से तर्पण का महत्व और अधिक बढ़ जाता है. हरिद्वार और ऋषिकेश के गंगा तटों पर शुक्रवार सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने पित्रों के श्राद्ध तर्पण के लिए पहुंचे और धार्मिक रीति के अनुसार श्राद्ध किया। हरिद्वार पितृ तीर्थ और मुक्ति का बड़ा केंद्र माना जाता हैं। कुशावर्त घाट और नारायणी शिला मंदिर हर साल लाखों लोग श्राद्ध करना आते हैं।

### इक्फाई बिजनेस स्कूल में आयात और निर्यात उद्यम पर कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। इक्फाई यूनिवर्सिटीए दून के इक्फाई बिजनेस स्कूल ने एन.ई.डी.सी (राष्ट्रीय उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ) से डॉ. रिशु भारद्वाज को एक कार्यशाला आयोजित करने और छात्रों को भारत में आयात और निर्यात में सफल होने के तरीके के बारे में सिखाने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रिशु भारद्वाज एन.ई.डी.सी के एक प्रमाणित प्रशिक्षक हैं, जो 12 से अधिक वर्षों की अवधि के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डॉक्टरेट हैं। डॉ. अंकिता श्रीवास्तव ने कार्यशाला का आयोजन किया और कार्यशाला के समन्वयक प्रो राघवेंद्र शर्मा और सुश्री ऐश्वर्या रस्तोगी थीं। डॉ. रिशु भारद्वाज ने छात्रों को निर्यात में गुंजाइश और जैविक उत्पादों, विशेषकर आम और लीची की मांग के बारे में शिक्षित किया।